# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न

## 22 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न** - 39

----

### महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित भुगतानों का ब्यौरा

1 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि फतेहाबाद जिले के निम्नलिखित खण्डों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सामग्री तथा श्रम का भुगतान लंबित है: -

i) फतेहाबाद खण्ड;

ii) भट्टू कलां खण्ड;

iii) भुना खण्ड; तथा

ख) यदि हाँ, तो प्रत्येक खण्ड में कुल लंबित भुगतानों का ब्यौरा क्या है तथा भुगतान में देरी के कारण क्या हैं?

----

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र को स्थानांतरित करना

2 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या हिसार के ढंढूर गाँव में स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त संयंत्र के कब तक नए स्थान पर स्थानांतरित करने तथा चालू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विकास कार्यों पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा

3 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली)**ः

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023- 24 तथा 2024-25 में कालांवाली की नगर पालिका को आय के माध्यम तथा सरकार से सहायता के रूप में कितनी राशि प्राप्त हुई है; तथा

(ख) कालांवाली के विकास कार्यों पर सरकार द्वारा व्यय की गई उक्त राशि का पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## बाराबंदी के लिए निर्धारित मानक/पैरामीटर

4 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली)**ः

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) राज्य में बाराबंदी प्रणाली के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानक/पैरामीटर क्या हैं;

ख) क्या इन पैरामीटर की कभी समीक्षा की गई है; यदि हाँ, तो इसकी आवधिक समीक्षा की आवृत्ति क्या है; तथा

ग) सिंचित तथा विकसित असिंचित क्षेत्र के पानी का उपयोग किस स्थान पर तथा किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है?

----

## सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एम .आई.सी.ए.डी .ए ) के अंतर्गत कार्यों का ब्यौरा

5 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली)**ः

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि गत पाँच वर्षों के दौरान सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एम .आई.सी.ए.डी .ए )

के अंतर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यों की संख्या कितनी है तथा अब तक पूरे किए गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा पूरे किए गए कार्यों पर कुल कितना व्यय किया गया है?

----

## बूचड़खानों का अनुमोदन तथा विनियमन

6 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि सरकार ने वर्ष 2014 के बाद राज्य में बूचड़खानों को स्थापित करने की अनुमति दी है; यदि हाँ, तो इसका जिलावार ब्यौरा क्या है;तथा

ख) जनवरी, 2015 से जनवरी, 2025 तक नूंह जिले में बूचड़खानों की संख्या कितनी है जिनको संचालन की अनुमति दी गई थी तथा ऐसी अनुमति देने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का ब्यौरा

7 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) अप्रैल, 2019 से अप्रैल, 2025 तक नूंह जिले के सभी स्कूलों में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित छात्रों की योजनावार संख्या कितनी है तथा उनका विस्तृत ब्यौरा क्या है ; तथा

ख) राज्य में अप्रैल, 2019 से अप्रैल, 2025 तक ऐसी छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित छात्रों की योजनावार, जिलावार तथा वर्षवार संख्या कितनी है तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## जलभराव की समस्या का समाधान करना

8 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) जुलाई, 2023 से जुलाई, 2025 तक की अवधि के दौरान नूंह शहर तथा उसके बाहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

ख) यदि ऐसे कोई पग नहीं उठाए गए हैं, तो इसके कारण क्या हैं; तथा

ग) क्या नूंह शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा कोई परियोजना तैयार की गई है; यदि हाँ, तो ऐसी परियोजना के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## डिवाइडर ग्रिल्स को पुनः लगाना

9 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक शहर में अंबेडकर चौक से मेडिकल मोड़ तक सड़क के बीच डिवाइडर ग्रिल को, पौधारोपण उद्देश्य के लिए काटा गया है; यदि हाँ, तो उस पर **किस** प्रकार के पौधे लगाए गए हैं; तथा उक्त पौधारोपण पर खर्च हुए व्यय का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यातायात की आवाजाही तथा शहरी की सौंदर्यता पर विचार किए बिना ही उपरोक्त 6 फुट ऊँची लोहे की डिवाइडर ग्रिल को काट दिए जाने के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक पुनः लगाने जाने की संभावना है ?

----

## माइनरों के पुनर्निर्माण कार्य को पूरा करना

10 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा)ः**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कथूरा माइनर, आहुलाना माइनर तथा सिवानका माइनर के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव सिंचाई विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पहले भेजा गया था, लेकिन उसे अभी तक सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है; यदि हाँ, तो उपरोक्त माइनरों के पुनर्निर्माण कार्य को कब तक अनुमोदित तथा पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

ख) क्या सिकंदरपुर माजरा से लाठ मार्ग पर भालोठ शाखा के साथ स्थित तथा सीधे पानी की टंकी तक जाने वाली रभड़ा गाँव की 'पिलरू' मोरी को रजवाहे में बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## आई.टी.आई. के भवन का निर्माण करना

11 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:- कि क्या यह तथ्य है कि अग्रोहा में सरकार द्वारा एक आई.टी.आई. को मंजूरी दी गई है; यदि हाँ, तो उपरोक्त आई.टी.आई. के भवन का निर्माण का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा उसमें कक्षाएं कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

**पेयजल समस्या का समाधान करना**

12 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगें कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि अग्रोहा में पेयजल की भारी कमी है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि अग्रोहा चिकित्सा महाविद्यालय तथा अग्रोहा गाँव को एक ही जल आपूर्ति व्यवस्था (मोगा) से पेयजल आपूर्ति की जा रही है; तथा

ग) यदि हाँ, तो क्या अग्रोहा चिकित्सा महाविद्यालय तथा अग्रोहा गाँव के लिए अलग-अलग जल आपूर्ति व्यवस्था (मोगे) बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना हैं?

----

**रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण की वर्तमान स्थिति**

13 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं निर्माण) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) उकलाना मंडी में निर्माण किए जा रहे रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

ख) उपरोक्त रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण कार्य के कब तक पूरा किए जाने की सम्भावना है ?

----

**(काजवे) सेतुक का पुनः निर्माण करना**

14 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या सिंचाई एवं जल ससांधन मंत्री कृपया बताएंगे कि पेहवा विधानसभा क्षेत्र के गांव नासी से गांव गंगहेड़ी तक सड़क पर (काजवे) सेतुक का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की

सम्भावना है?

----

## कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए की गई कार्रवाई

15 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जो लगातार बिगड़ती जा रही है तथा राज्य के सभी नागरिकों के लिए चिंता का विषय है, को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ख) वर्ष 2014 से जुलाई, 2025 विभिन्न अपराध संकेतकों जैसे हत्या, अपहरण, फिरोती के लिए अपहरण/धमकी, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, अनुसूचित जातियों के विरुद्ध अपराध तथा बच्चों के विरुद्ध अपराध इत्यादि पर अपराध की वर्ष-वार तुलनात्मक विवरण क्या है?

----

## सड़कों को चारमार्गी करना

16 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या होडल से हसनपुर तथा बामनी खेड़ा से हसनपुर सड़कों को चारमार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## नागरिक अस्पताल को "रेफरल मुक्त" बनाना

17 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या फरीदाबाद में सिविल अस्पताल (बी.के. अस्पताल) को "रेफरल मुक्त" बनाने तथा उक्त अस्पताल को सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि फरीदाबाद के निवासियों को उपचार के लिए दिल्ली न जाना पड़े; यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## एम.आर.आई तथा कैथ लैब सेवाएँ उपलब्ध कराना

18 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएँगे कि क्या यमुनानगर में 200 बिस्तरों वाले मुकंद लाल जिला नागरिक अस्पताल में एम.आर.आई तथा कैथ लैब की सेवाएँ उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हाँ, तो उक्त अस्पताल में ये सेवाएँ कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

----

## लंबित अवकाश यात्रा रियायत (एल.टी.सी.) भुगतान करना

19 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएँगे कि–

क) क्या यह तथ्य है कि स्वास्थ्य विभाग के लगभग सभी कर्मचारियों का अवकाश यात्रा रियायत (एल.टी.सी.) भत्ता ब्लॉक वर्ष 2020-2023 के समय का भुगतान हेतु लंबित है तथा कुछ कर्मचारियों का तो ब्लॉक वर्ष 2016-2019 से ही भुगतान लंबित है; तथा

ख) यदि हाँ, तो कर्मचारियों के ये लंबित भुगतान सरकार द्वारा कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पुल का निर्माण करना

20 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएँगे कि क्या घोडो-पिपली को यमुनानगर से जोड़ने के लिए यमुना नदी पर पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हाँ, तो इस पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## नई शिक्षा नीति लागू करना

21 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएँगे कि –

क) राज्य में नई शिक्षा नीति के लागू करने के लिए स्वीकृत किए गए/बनाए गए निर्धारित त्रि-भाषीय सूत्र का ब्यौरा क्या है;

ख) नई शिक्षा नीति के अनुसार दोहरी डिग्री अवधारणा की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

ग) राज्य में नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए सरकार द्वारा कितना बजट आवंटित किया गया है?

----

## कैथल से नई बसें हटाने के कारण

22 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नई बी.एस-6 बसों को कैथल से हटाकर एनसीआर जिलों भिवानी, पानीपत तथा झज्जर सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में भेज दिया गया है, यदि हां, तो ऐसी बसों की संख्या कितनी है तथा इनकी प्रतिपूर्ति के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि 10 वर्ष से अधिक पुरानी बी.एस-3 तथा बी.एस-4 मॉडल की बसें जोकि एन.सी.आर. में परिचालन के लिए प्रतिबंधित हैं, को कैथल स्थानांतरित कर दिया गया है; यदि हां, तो ऐसी बसों की संख्या, उनकी स्थिति सहित, आगमन के तुरंत बाद खराब हो जाने वाली बसों का ब्यौरा क्या है तथा टूटे हुए पूर्जों या इंजन संबंधी समस्याओं वाली बसों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) कैथल में अत्यधिक प्रदूषण वाली बसें भेजने के कारण क्या हैं, जिससे जिले के सार्वजनिक परिवहन ढांचे तथा जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा इस मामलें का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जाने की संभावना है?

----

## बस स्टैंड भवन का पुनर्निर्माण करना

24 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएँगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि कोसली बस स्टैंड की इमारत को जर्जर घोषित किए जाने के बाद ध्वस्त कर दिया गया था तथा उसका पुनर्निर्माण कार्य लम्बे समय से लंबित है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उक्त बस स्टैंड की इमारत का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र

25 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएगें कि: -

(क) गत पांच वर्षों में राज्य में प्राकृतिक/जैविक खेती के अंतर्गत वर्ष-वार क्षेत्र कितना है;

(ख) राज्य में जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ग) प्राकृतिक/जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए सरकार द्वारा स्थापित प्रयोगशालाओं की संख्या कितनी है तथा अवस्थिति क्या है?

----

## यूरिया तथा डी.ए.पी का ब्यौरा

26 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएगें कि राज्य में वर्ष 2023, 2024 तथा 2025 में यूरिया तथा डी.ए.पी के वितरण का जिलावार ब्यौरा क्या है तथा राज्य के किसानों को यूरिया तथा डी.ए.पी की समय पर आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## नई नहर का निर्माण करना

27 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि सिधमुख नहर से हमारे हिस्से का पानी राजस्थान को जा रहा है; तथा

(ख) क्या उक्त पानी के उपयोग के लिए काबरेल, घुड़साल, बगला, डोभी, बांडाहेडी, बुडाक, सरसाना, बासडा, गोरछी, आदमपुर-सीसवाल से गावड़ तथा नलोई तक नई नहर के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नहरों में दो सप्ताह के लिए पानी की आपूर्ति करना

28 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की नहरों में पानी की आपूर्ति वर्ष 2024 तक हर महीने में दो सप्ताह तक होती थी तथा शेष दो सप्ताह बंद रहती थी परंतु अब यह एक सप्ताह होती है तथा शेष दो सप्ताह तक बंद रहती है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस बदलाव के कारण क्या हैं तथा पिछली व्यवस्था कब तक बहाल किए जाने की संभावना है?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

29 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में जलभराव (सेम) की समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा वर्तमान में कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं तथा उनमें क्या प्रगति हुई है; तथा

ख) इस संबंध में सरकार द्वारा भविष्य के लिए क्या योजनाएं बनाई गई है?

----

## खालों को पक्का करने के लिए आवंटित बजट

30 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) जिला सिरसा में नए पक्के खालों का निर्माण करने तथा क्षतिग्रस्त खालों की मरम्मत के लिए वर्ष 2024- 25 में सरकार द्वारा कितना बजट आवंटित किया गया था; तथा

ख) इसी उद्देश्य के लिए वर्ष 2025- 26 में सरकार द्वारा कितना बजट आवंटित किया गया है?

----

## सौंदर्यीकरण करने के लिए स्वीकृत तालाबों की संख्या।

31 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) हांसी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में तालाबों की संख्या कितनी है जिनके सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है ;

(ख) ऐसे कितने कार्य स्वीकृत होने बाकी है; तथा

(ग) कितने तालाबों पर सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है?

----

## अस्थायी कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करना

32 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या अस्थायी कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त लाभ के कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा क्या पांच वर्ष से कम सेवा वाले अस्थायी कर्मचारियों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा; तथा

(ख) क्या अन्य सरकारी विभागों या राज्य विश्वविद्यालयों (जैसे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), जहां इन अस्थायी कर्मचारियों ने पहले काम किया है तथा ई.पी.एफ में योगदान दिया है, की सेवा अवधि वर्तमान सेवा में गिनी जाएगी?

----

## हार्ट सेंटर में आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार

33 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला नागरिक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए हार्ट सेंटर में उपचार पिछले कुछ महीनों से बंद कर दिया गया है तथा 1 अगस्त, 2025 से एम.आर.आई. तथा सी.टी स्कैन सुविधाएं भी बंद कर दी गई हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा इन सुविधाओं को कब तक पुनः शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## चकबंदी का कार्य पूरा करना

34 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कई गांवों में चकबंदी का कार्य अभी तक अधूरा है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या इन गांवों में चकबंदी कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए ठोस योजना तैयार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का पुनर्निर्माण करना

35 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएगें कि क्या ढाठरथ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पुराने जीर्ण-शीर्ण भवन का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का पुनर्निर्माण कब

तक किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण करना

36 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएगें कि क्या रजाना कलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बहल को उपमंडल के रूप में घोषित करना

37 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएँगे कि क्या बहल को उपमंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, क्योंकि यह पिछले 21 वर्षों से उप-तहसील के रूप में कार्य कर रहा है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना

38 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

क) क्या यह तथ्य है कि राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवानी (0359), में शिक्षकों की भारी कमी है, जहाँ अध्यापकों के पद जैसे पी.जी.टी अंग्रेज़ी, टी.जी.टी गणित, टी.जी.टी गणित, टी.जी.टी हिंदी, पी.जी.टी ड्रॉइंग तथा पी.जी.टी कंप्यूटर साइंस के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हाँ, तो इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवानी खेड़ा (कोड – 6130903404), में पी.टी.आई मास्टर, अंग्रेज़ी मास्टर तथा क्लर्क के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हाँ, तो उपरोक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

ग) क्या यह भी तथ्य है कि राजकीय विद्यालय, झुम्पा खुर्द में कुल 26 शिक्षकों के पदों में से 3 पद अर्थात् कंप्यूटर अध्यापक, पी.टी.आई तथा बायोलॉजी अध्यापक के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हाँ, तो उपरोक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा

घ) क्या यह भी तथ्य है कि नलोई गाँव के 5 प्राथमिक विद्यालयों में से 2 विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं; यदि हाँ, तो उपरोक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## विद्यालय का निर्माण करना

39 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगें कि: -

(क) क्या बल्लभगढ़ की अधिकृत कॉलोनियों अर्थात् हरि विहार तथा सुभाष कॉलोनी के क्षेत्र की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए, राजकीय विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त विद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है ताकि इन कॉलोनियों में रहने वाले बच्चे सरकार की शिक्षा नीति का लाभ उठा सकें ?

----

## विद्यालय के लिए अलग डी.डी.ओ कोड जारी करना

40 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएगें कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि त्रिखा कॉलोनी, बल्लभगढ़ का राजकीय विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सेक्टर-2, बल्लभगढ़ वर्तमान में एक ही डी.डी.ओ कोड के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सेक्टर-2, बल्लभगढ़ के लिए नया तथा अलग डी.डी.ओ कोड जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----